**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 12.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केंद्र सरकार ने कहा – देश में कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित, भारत में रसोई गैस के उत्पादन में 25 प्रतिशत की हुई है वृद्धि।**
2. **रांची के उपायुक्त ने रसोई गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, कालाबाजारी रोकने के लिए मॉनिटरिंग कमिटी बनाने का दिया निर्देश।**
3. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने एक घर के सभी मतदाताओं का एक ही स्थान पर मतदान केंद्र सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।**
4. **मौसम विभाग ने देवघर, गिरिडीह, कोडरमा में अगले कुछ घंटों में वज्रपात के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान, जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**
5. **एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय टीम ने वेल्स को 4–1 से हराकर सेमिफाइनल में किया प्रवेश।**

*******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है और देश के कच्चे तेल के आयात का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से आ रहा है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया संघर्ष पर अंतर मंत्रालयी बैठक में सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार के पास सुरक्षित कच्चे तेल की मात्रा होर्मुज से आने वाली मात्रा से अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से घरेलू एलपीजी उत्पादन 25 प्रतिशत बढ गया है।

*******************

रांची में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने गैस कंपनियों और एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले में घरेलू गैस आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में इंडियन आयल कॉरपोरेशन , भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधियों ने कहा कि जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कंपनियों ने बताया कि एक बुकिंग के बाद दूसरी बुकिंग 25 दिनों के बाद ही संभव होगी तथा सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन के कारण बुकिंग में अस्थायी देरी हो रही है। उपायुक्त ने कालाबाजारी रोकने के कड़े निर्देश देते हुए गैस आपूर्ति की निगरानी के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमिटी बनाने का निर्देश दिया।

*******************

झारखंड में रसोई गैस को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।
झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र से रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

इधर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि कोरोना टीका की तरह गैस सिलेंडर पर भी झामुमो भ्रम फैला रहा है। श्रीवर्मा ने कहा कि पेट्रोलियम मंत्रालय पूरी तरह सजग है। देश में पेट्रोल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

*******************

झारखंड में बागवानी फसलों के विकास, उन्नत तकनीक के हस्तांतरण और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से आज दोपहर 12 बजे झारखंड विधानसभा में राज्य के उद्यान निदेशालय तथा बेंगलुरू के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन–एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद रहेंगी।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में कृषि–खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी पर वैश्विक सम्मेलन 2026 का उद्घाटन करेंगी। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय है **प्रगति को गति देना, नई ऊंचाइयों को छूना।** यह आयोजन नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कल सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों के निर्धारण के दौरान एक ही घर के मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर सुनिश्चित किया जाए। जिन मकानों का हाउस नंबर नहीं है उन्हें **नोशनल नंबर** देकर चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे, इसे लक्ष्य बनाकर कार्य किया जाए।

*******************

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के 23 पदों के लिए आज राज्यभर में मतदान होगा। इस चुनाव के माध्यम से 18 पुरुष और पांच महिला सदस्यों का चयन किया जाएगा, जबकि दो महिला सदस्यों का चयन मनोनयन के आधार पर होगा। चुनाव मैदान में कुल 100 प्रत्याशी हैं, जिनमें 75 पुरुष और 25 महिलाएं शामिल हैं। अधिवक्ताओं ने बताया कि 8 साल बाद चुनाव हो रहा है और उन्होंने राज्य में एक परमानेंट बेंच के गठन की मांग की।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार देवघर, गिरिडीह, कोडरमा में अगले कुछ घंटों में वज्रपात के साथ बारिश होगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने और खेत में नहीं जाने की सलाह दी है। रांची सहित अन्य इलाकों में मौसम साफ रहेगा।

*******************

हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर 2026 में, भारतीय टीम ने कल शाम हैदराबाद में पूल बी के मुकाबले में वेल्स को 4–1 से हरा दिया। मैच में नवनीत कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए, वही साक्षी राणा ने भी एक गोल दागा। इस जीत के साथ, भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब कल सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत इटली से होगी।

*******************

रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025–26 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में देशभर से 450 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें झारखंड के लगभग 150 प्रतिभागी शामिल हैं। चार राउंड के बाद तमिलनाडु के के. मुरली, पश्चिम बंगाल के मित्राभा गुहा और अन्य खिलाड़ी चार–चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे।

*******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा बजट सत्र की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के हवाले से लिखा है – राज्य में गर्भवती महिलाओं की मुफ्त होगी अल्ट्रासाउंड जांच।

**हिंदुस्तान** लिखता है – रामनवमी जुलूस में डीजे पर रोक को लेकर पक्ष–विपक्ष में टकरार।

**दैनिक जागरण** ने सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**प्रभात खबर** ने अट्ठाईस मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल मैच की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***************